एक सौ रुपये

रु. 100

Rs. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

U 242145



प्राईमरी, पूर्व माध्यमिक, कालिज, उच्च शिक्षा, रिसर्च एवं नवीनतम तकनीकी व्यवसायिक आदि केन्द्रों की संस्थाओं की स्थापना कर उनका संचालन करना। 6. यह कि प्रोढ़ शिक्षा, स्वास्थ्य केन्द्र, अनाथ आश्रम, वृद्ध आश्रम, आदि की स्थापना व संचालन करना। 7. अन्य वह कार्य जो ट्रस्ट-हित एवं जनहित की प्राप्ति में सहायक हो।

4. यह कि ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये जो भी डोनेशन या उपहार स्वरूप रकम तजवीज की जायेगी वह ट्रस्ट के खातों में जाब्ते इन्द्राज कर दी जायेगी और वह ट्रस्ट की मिल्कियत रहेगी।

5. यह कि ट्रस्ट की कमैटी जो मैनेजमेन्ट के लिये तजवीज की गयी है उसमें निम्नलिखित ट्रस्टी एवं पदाधिकारी रहेंगे।

| क्रमांक | नाम/पिता/पति का नाम | पता | पद |
|---|---|---|---|
| 1. | बलराज सिंह पुत्र श्री रामशरण सिंह | ग्रा0 पो0 दादरी जिला – मेरठ | संरक्षक |
| 2. | प्रशान्त कुमार पुत्र श्री सूरजमल | 78, महावीर जी नगर मेरठ। | अध्यक्ष |
| 3. | विपिन कुमार शर्मा पुत्र श्री सुखवीर शर्मा | ग्रा0पो0 सकौती मेरठ (संस्थापक) | प्रबन्धक/सचिव |
| 4. | श्रीमती शिल्पी पुत्री श्री संग्राम सिंह | ग्रा0 रौईचा (आगरा) | कोषाध्यक्ष |
| 5. | दीपक कुमार शर्मा पुत्र श्री रविन्द्र कुमार शर्मा | ग्रा0पो0 सकौती मेरठ। | आडीटर |
| 6. | श्रीमति सारदा पुत्री श्री राजपाल सिंह | ग्रा0पो0 बुबुकपुर (मेरठ) | सदस्या |
| 7. | अरविन्द्र पुत्र श्री हज्जू राम शर्मा | ग्रा0पो0 सकौती मेरठ | सदस्य |
| 8. | श्रीमति सुमन शर्मा पुत्री श्री प्रेम शर्मा | ग्रा0पो0 गंगतान पिकौरा (मु0नगर) | सदस्या |
| 9. | श्रीमति आरती पत्नी श्री योगेन्द्र सिंह | घड़ौली दिल्ली | सदस्या |

नोट : कम से कम दो सदस्य एवं समयनुसार बढ़ाये भी जा सकते है।

Manager
Surajmal Modern Sr Sec. School
Phalawada, Mawana, Meerut

Principal
Surajmal Modern Sr. Sec. School
Phalawada, Mawana, Meerut
Affi No.- 2131454

दस रुपये TEN RUPEES रु.10 Rs.10 INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 64AA 815703

6. यह कि ट्रस्ट मजकूर के इन्तजामात व देखभाल उपरोक्त ट्रस्ट कमैटी सरअन्जाम देगी और इन्तजामात वगैरह करने के लिये अध्यक्ष/सचिव रूल्स एवं रेगुलेशन बनायेंगे।

7. ट्रस्ट के सचिव/प्रबन्धक के हस्ताक्षर से समस्त कार्यवाही की जायेगी।

8. सचिव का पद अवैतनिक रहेगा कार्य अधिकता को दृष्टिगत समझते हुये उपसचिव/उपप्रबन्धक नियुक्ति करने का अधिकार सचिव का रहेगा। ट्रस्ट के सचिव नियमगत व्यवस्था के आधार पर व्यय करेंगे।

9. यह कि उपरोक्त ट्रस्टीगण आजीवन स्थायी रूप से ट्रस्ट कमेटी में रहेंगे तथ किसी की मृत्यु होने पर उनके पुत्र/पुत्री का चुनाव ट्रस्टीयो द्वारा किया जायेगा।

10. सचिव का चुनाव ट्रस्टियों द्वारा किया जायेगा तथा उनके द्वारा स्वेच्छा से भी ट्रस्ट के कार्यो को यथा–समय स्थिति का निर्णय कर सकते है।

11. यह कि अगर ट्रस्ट कमेटी अन्य किसी व्यक्ति को ट्रस्ट सदस्य बनाना चाहेंगे तो जनकल्याण के कार्यो मे सहयोग करने वाला उत्तर प्रवृति ही सचिव की स्वीकृति प्राप्त कर ट्रस्ट का आजीवन सदस्य बन सकता है।

12. यह कि कमेटी के इन्तजाम व देखभाल व मैनेजमेन्ट अखत्यारात में किसी भी दीगर शख्स को किसी भी किस्म की कोई दखल या मजाहमत करने का अखतयार हासिल नही होगा।

13. यह कि ट्रस्ट मजकूर के कार्यो को सुचारू रूप से देने के लिये वह तरक्की के सिलसिले में अगर कोई ट्रस्टी या व्यक्ति उपरोक्त ट्रस्ट को डोनेशन देने का ख्वाहिश मन्द होगा तो कोई भी चल अचल सम्पत्ति या कैश ट्रस्ट मजकूर को डोनेशन में देकर सचिव के हस्ताक्षर से रसीद प्राप्त करेगा जो ट्रस्ट की मिल्कियत रहेगी।

Manager
Surajmal Modern Sr Sec. School
Phalawada, Mawana, Meerut

Principal
Surajmal Modern Sr. Sec. School
Phalawada, Mawana, Meerut
Affi No.- 2131454

14. यह कि ट्रस्ट के सचिव मजकूर के लिये ट्रस्ट के संरक्षक की मंजूरी लेकर मानव प्राणी की भलाई एवं उन्नति के लिये धार्मिक, सामाजिक, शैक्षिक, आदि टैक्निकल कार्य उक्त ट्रस्ट जनहित में कर सकेगा।

15. यह कि उपरोक्त ट्रस्ट के नाम पर किसी भी बैंक में एकाउन्ट खोल दिया जायेगा। ट्रस्ट की प्राप्त धनराशि को बैंक में जमा कर दी जायेगी, खाते का संचालन ट्रस्ट के सचिव करेंगे। कमेटी की मंजूरी पर सचिव खाते से धन निकालकर व्यय कर सकेंगे। ट्रस्ट के संरक्षक/अध्यक्ष आवश्यक समझते है तो ट्रस्ट के खातों मे कोषाध्यक्ष को संयुक्त रूप से खाता संचालन में नामित कर सकते है।

16. यह कि ट्रस्ट की स्कूमात व चल अचल सम्पत्ति व आमदनी व खर्च वगैरह का सब मुकम्मिल हिसाब किताब ट्रस्ट के सचिव अपने पास रखेंगे तथा उपसचिव को ट्रस्ट व्यवस्था करने की दशा में आवास कार्यालय कमेटी से स्वीकृत वेतन भत्ते ट्रस्ट से देय करेंगे।

17. ट्रस्ट कमेटी 30 अप्रैल को हर साल हिसाब किताब की जांच पड़ताल कर पास करेगी।

18. यह कि ट्रस्ट की स्कूमात व चल अचल सम्पत्ति जनहित में ही लगायी जायेगी जिससे मानव प्राणी का कल्याण हो।

19. यह कि ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष व सचिव कम से कम तीन ट्रस्टीयों की लिखित रा से ट्रस्ट की जायदाद मुन्तकिल व फरोख्त कर सकेगी और ट्रस्ट के नाम जायदाद खरीद सकेंगे अथवा दान ले सकेंगे।

20. यह कि ट्रस्ट कमेटी के दरमियान किसी किस्म का कोई मतभेद होगा तो उसको मुश्तरफा राय व मशवरे से संरक्षक एवं सचिव के हस्ताक्षर से तय माना जायेगा।

21. ट्रस्ट के मुताल्लिक किसी भी किस्म के वाद तय करने का मेरठ न्यायालय का क्षेत्राधिकार रहेगा।

22. यह कि ट्रस्ट का कोई भी ट्ररस्टी मांस मंदिरा वैश्वगामी करता है तो ट्रस्ट के सचिव व अध्यक्ष उसके स्थान पर उसके पुत्र/पुत्री को ट्रस्टी बनाने हेतु कमेटी 1/2 ट्रस्टीयों की राय से परिवर्तन कर सकेंगे। किसी भी ट्रस्टी के बीमार होने या शारीरिक दुर्बलता होने की दशा में ट्रस्ट के व्यय पर सहायता करने की कार्यवाही अध्यक्ष/सचिव यथा स्थिति में विवेक से करेंगे।

23. यदि किसी ट्रस्टी के पुत्र न हो तो उसके द्वारा नामित लड़का या लड़की 18 वर्ष की आयु पर ट्रस्टी बन सकता है। ट्रस्ट के सचिव की सहमति आवश्यक होगी।

24. यह कि ट्रस्टी कोई भी ऐसा कार्य नही करेगा जिससे ट्रस्ट की बदनामी हो या ट्रस्ट की जायदाद को कोई नुकशान पहुँचे।

25. यह कि विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसुचित जापति/जनजाति के मेधावी बच्चों के लिए सुरक्षित रहेंगे और उनसे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद/बेसिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।

26. संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की मांग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद अथवा बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की सम्बद्धता केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद/कौंसिल फार द इण्डियन स्कूट सर्टिफिकेट इग्जामिनेशन7 नई दिल्ली से प्राप्त होती है तो उक्त परीक्षा वर्ग से उक्त केन्द्रीय परिषदों की सम्बद्धता प्राप्त होने की तिथि से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदत्त मान्यता तथा राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान स्वतः समाप्त हो


Manager
Surajmal Modern Sr Sec. School
Phalawada, Mawana, Meerut

Principal
Surajmal Modern Sr. Sec. School
Phalawada, Mawana, Meerut
Affi No.- 2131454

न्यास पत्र

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2,100.00 | 60.00 | 20 | 80.00 | 1,000 |
| न्यास की राशि | फीस रजिस्ट्री | नकल व प्रति शुल्क | योग | शब्द लगभग |

श्री /श्रीमती विपिन कुमार शर्मा
पुत्र / पत्नी श्री सुखवीर शर्मा
पेशा अन्य
निवासी स्थायी सकौती, सरधना मेरठ
अस्थायी पता सकौती, सरधना मेरठ
ने यह लेखपत्र इस कार्यालय दिनांक 2/2/2009 समय 11:40AM
बजे निबन्धन हेतु पेश किया।



विपिन कुमार शर्मा

उपनिबन्धक, तृतीय
मेरठ
2/2/2009

निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमून
न्यासी
श्री/श्रीमती विपिन कुमार शर्मा
पुत्र/पत्नी श्री सुखवीर शर्मा
पेशा अन्य
निवासी सकौती, सरधना मेरठ



विपिन कुमार शर्मा

ने निष्पादन स्वीकार किया।
जिनकी पहचान श्री सेवाराम शर्मा सेवाराम शर्मा
पुत्र श्री महीपाल सिंह
पेशा
निवासी रासना मेरठ



व श्री बलराज सिंह बलराज सिंह
पुत्र श्री रामशरण
पेशा
निवासी दादरी मेरठ
ने की।



प्रत्यक्षतः भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिये गये हैं।

विपिन कुमार शर्मा
Manager
Surajmal Modern Sr Sec. School
Phalawada, Mawana, Meerut

Principal
Surajmal Modern Sr. Sec. School
Phalawada, Mawana, Meerut
Affi No:- 2131454

उपनिबन्धक, तृतीय
मेरठ
2/2/2009

जायेंगे।

27. संस्था शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेंगे।

28. कर्मचारियों की सेवा शर्ते बनायी जायेंगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवानिवृत्ति का लाभ उपलब्ध कराये जायेंगे।

29. राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेंगे, संस्था उनका पालन करेगी।

30. उत्तर प्रदेश शिक्षा संहिता की धारा 105 से 107 के अन्तर्गत विभिन्न वर्गों के छात्रों को अनुमन्य शुल्क मुक्ति संस्था के छात्रों को प्रदान की जायेगी।

31. उक्त शर्तो मे राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्द्धन नहीं किया जायेगा।

उपरोक्त पाबन्दी सभी पर लागू होगी।

अतः यह डिकलेरेशन ऑफ ट्रस्ट लिख दिया है कि प्रमाणित व उपयोगी हो।

Manager
Surajmal Modern Sr Sec. School
Phalawada, Mawana, Meerut

Principal
Surajmal Modern Sr. Sec. School
Phalawada, Mawana, Meerut
Affi. No.- 2131454

लिखित दिनांकः– 2/2/2009 ई0 मसविदा श्री संजय भारद्वाज, दस्तावेज लेखक, मेरठ व टा0नरेन्द्र शर्मा, मेरठ।

न्यारी

Registration No 45

Year : 2009

Book No. 4


0101 विपिन कुमार शर्मा

सुखवीर शर्मा

सकौती, सरधना मेरठ

अन्य





विपिन कुमार शर्मा
Manager
Surajmal Modern Sr Sec. School
Phalawada, Mawana, Meerut

Principal
Surajmal Modern Sr. Sec. School
Phalawada, Mawana, Meerut
Affi No.- 2131454